प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

4 days “Improvement in Police Behaviour”

दिनांक **06-09-2022 से 09-09-2022**

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 06-09-2022 से 09-09-202 तक “**Improvement in Police Behaviour**” विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरपीएस न्यू क्लास रूम में आयोजित किया गया। उक्त कोर्स हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के उप महानिरीक्षक श्री कैलाश चन्द्र जाट, ने कोर्स का औपचारिक उदघाटन कर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से **22** प्रतिभागियों जिसमें- 03 पुलिस निरीक्षक, 19 उप निरीक्षक ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन **10:00-10:30 AM** तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम सत्र में श्री योगेन्द्र फौजदार, सहायक निदेश्क सीओई एवं श्री कप्तान सिंह पुलिस निरीक्षक आरपीए, जयपुर ने Role play exercise on police response, teams formation के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री जी. एल. शर्मा, महानिरीक्षक पुलिस, (सेवानिवृत्त) ने पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री कैलाश चन्द्र जाट, उप महानिरीक्षक, आरपीए जयपुर ने रोल प्ले, अवलोकन, चर्चा और निष्कर्ष के बारे में विस्तार से बताया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री पूना राम, आरजेएस,आरजेएस, एसीजीएम, जेजे कोर्स जयपुर ने पुलिस और सार्वजनिक छवि: एक न्यायिक परिप्रेक्ष्य पर विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री एसएस बिस्सा,

आईएएस (सेवानिवृत्त) एचसीएम रीपा, जयपुर ने पुलिस नैतिकता एवं मूल्य के बारे में बताया। तृतीय सत्र में डॉ अशोक शर्मा, प्रो. (सेवानिवृत्त) ने पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग के बारे में बताया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्रीमती सीमा हिगोनियां, सहायक निदेशक (आउटडोर), आरपीए जयपुर ने पुलिस कर्मियों में तनाव कम करने के लिए खुश रहने के बारे में विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में डॉ. रमेश के. अरोड़ा प्रो. (सेवानिवृत्त) अध्यक्ष प्रबंधन विकास अकादमी ने प्रशंसा की कला और आलोचना का विज्ञान के बारे में बताया। तृतीय सत्र में श्री गोविन्द पारीक, अतिरिक्त, निदेशक पीआर, जयपुर ने मीडिया का प्रबंधन और जनमत का निर्माण के बारे में विस्तार से बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्रीमती सुनीता मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस आयुक्तालय जयपुर ने महिलाओं के मामले में पुलिस व्यवहार में सुधार के बारे में समझाया। द्वितीय सत्र में श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने पुलिस अधिकारियों के लिए संचार कौशल के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री पारिस देशमुख्, पुलिस उपायुक्त उत्तर जयपुर ने सामुदायिक पुलिसिंग द्वारा पुलिस व्यवहार में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। श्री पारिस देशमुख्, पुलिस उपायुक्त के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक